भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 898

07 फरवरी,2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

दरभंगा में एम्स

898. श्री गोपाल जी ठाकुर:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार के दरभंगा जिले में एम्स का निर्माण कार्य कब तक शुरू होने की संभावना है;

(ख) सरकार द्वारा दरभंगा में एम्स के निर्माण के लिए कितनी निधि स्वीकृत की गई है; और

(ग) क्या दरभंगा में एम्स के लिए बिहार सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि का सीमांकन किया गया है तथा उसकी चारदीवारी बना ली गयी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा है?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): दिनांक 15.09.2020 को केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा दरभंगा में 1264 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को मंजूरी दी गई है। सितंबर 2024 में राज्य सरकार ने दरभंगा में एम्स की स्थापना के लिए 187.44 एकड़ जमीन सौंप दी है। स्थलाकृतिक सर्वेक्षण, भू-तकनीकी जांच कार्य, जल विज्ञान सर्वेक्षण और मृदा परीक्षण सहित निवेश-पूर्व कार्य प्रारंभ हो चुका है। कार्यकारी एजेंसी द्वारा दिनांक 19.12.2024 को राज्य सरकार से चारदीवारी निर्माण के लिए भूमि के सीमांकन हेतु अनुरोध किया गया है।

*****